एक नजर में

## मोक्ष के लिए भागवत की शरण जरूरी



इन्दौर. स्वयं भगवान के श्रीमुख से जिस ग्रंथ की रचना हुई हो, वह कालजयी ग्रंथ ही होता है. भारत भूमि ही वह स्थान है जहां इतनी बड़ी संख्या में देवी-देवता अवतार लेकर इस सृष्टि का संचालन करते हैं. भागवत को चाहे कल्पवृक्ष कह लें, या महासागर अथवा सदगुणों का भंडार- सबका सार यही है कि जीवन को मोक्ष की ओर प्रवृत्त करना है तो भागवत की शरण जरूरी है. भागवत वह कथा है जिसमें जीवन की सभी समस्याओं का समाधान मौजूद है. ये विचार हैं भागवत भूषण आचार्य पं. राजेश शास्त्री के, जो उन्होंने लोहारपट्टी स्थित श्रीजी कल्याण धाम, खाड़ी के मंदिर पर हंसदास मठ के पीठाधीश्वर श्रीमहंत स्वामी रामचरणदास महाराज एवं महामंडलेश्वर महंत पवनदास महाराज के सानिध्य में चल रहे भागवत ज्ञानयज्ञ में परीक्षित जन्म प्रसंग के दौरान व्यक्त किए. कथा शुभारंभ के पूर्व अजय व्यास, संजय शर्मा, लीलाधर शर्मा, सुनील जैन पांडू, ताने शर्मा, सुजीत गणेश्वर, रामकुमार शर्मा, संजय पंडित, राजेश शास्त्री सहित अनेक शर्द्धालुओं ने व्यास पीठ का पूजन किया. राधा रानी महिला मंडल की बहनों ने श्रीमती वर्षा शर्मा, रुक्मणी शर्मा, उषा सोनी, श्रेया शर्मा, श्रुति शर्मा, गीता व्यास, वेदांत शर्मा, चंदा खंडेलवाल, बबली खंडेलवाल, निर्मला सोलंकी, मधु सुगंधी, उर्मिला प्रपन्न, हंसा पंचोली, हेमलता वैष्णव, मधु गुप्ता के साथ आचार्यश्री की अगवानी .की। कथा में आज भी भक्तों का सैलाब बना रहा. भजनों पर श्रद्धालुओं द्वारा नाचने गाने का क्रम भी निरंतर जारी है. मठ के पं. अमितदास महाराज ने बताया कि भागवत ज्ञान यज्ञ का यह क्रम 30 दिसम्बर तक प्रतिदिन दोपहर 4 से सायं 7 बजे तक जारी रहेगा.

## प्रो. डॉ. शुक्ला की दो पुस्तकों का विमोचन



इंदौर. कलकत्ता में हुए एसोसिएशन ऑफ सर्जनस के 85वे अधिवेशन में प्रसिद्ध सर्जन, एमजीएम मेडिकल के प्रोफेसर, लायंस के पूर्व पदाधिकारी डॉ सतीश शुक्ला की दो नवीन पुस्तकों का विमोचन किया गया. ये किताबें हैं इंडियन गोल्डन एरा ऑफ होप और हिस्ट्री ऑफ मेडिसीन- ए जर्नी थ्रू टाइम. उल्लेखनीय है कि डॉ सतीश शुक्ला को आईकॉन सर्जन ऑफ सार्क सम्मान भी प्राप्त हो चुका है. 8 सदस्यीय समिति ने 30 वर्ष में पहली बार यह सम्मान दिया है. डॉ सतीश शुक्ला को एमजीएम अल्यूमीनि एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ संजय लौंढे, सचिव डॉ विनीता कोठारी, डॉ दिलीप कुमार आचार्य, डॉ शेखर डी राव, डॉ अंकुर अग्रवाल, डॉ मिलिंद शाह, डॉ भूपेंद्र शेखावत, डॉ शैनल कोठरी ने बधाई दी.

## मीणा समाज प्रतिभा सम्मान समारोह की तैयारियां जोरों पर



इंदौर. मप्र मीणा समाज सेवा संगठन के तत्वावधान में 4 जनवरी को आयोजित मीणा समाज प्रतिभा सम्मान समारोह के प्रचार-प्रसार को लेकर संगठन की इंदौर जिला इकाई सक्रिय है, आयोजन के लिए व्यापक रूप से तैयारियां की जा रही हैं. भोपाल में आयोजित इस कार्यक्रम में सहभागिता के लिए मीणा समाज निवासरत गांव-गांव में स्वजातीय बंधुओं से संपर्क किया जा रहा है. जिलाध्यक्ष सुभाष मीणा ने बताया कि अब तक जिले के ग्राम बादशाह टिगरिया, भिचौली, मानपुर, दर्जनपुरा, खेड़ी सिहोद, जाफराबाद, हासलपुर सहित कई गांवों का दौरा कर स्वजातीय बंधुओं को निमंत्रण देते हुए आग्रह किया गया है कि वे अधिकाधिक संख्या में भोपाल पहुंचकर समारोह को सफल बनाएं. प्रदेश महामंत्री सत्यनारायण मीणा और प्रदेश उपाध्यक्ष जुगनू जादवसिंह धनावत ने इस दौरान स्वजातीय बंधुओं से कहा कि वे एकजुट होकर समाज की मजबूती के लिए कार्य करें. इस दौरान समाजसेवी रमेशचन्द्र धनावत, युवाध्यक्ष नवीन मीणा, पत्रकार अजय बारवाल, अरविन्द गुणावद आदि भी साथ थे.

## आधुनिक तकनीक से हो रही सुरक्षित सर्जरी

इंदौर. ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी उन मरीजों के लिए राहत लेकर आती है, जो



लंबे समय से घुटनों या कूल्हों के दर्द के कारण चलने-फिरने में असमर्थ हो जाते हैं. पहले जहां अधिक उम्र या ज्यादा वजन वाले मरीजों में सर्जरी को लेकर आशंका रहती थी, वहीं अब आधुनिक तकनीक के चलते ऐसे मरीज भी सुरक्षित सर्जरी के बाद सामान्य जीवन जी पा रहे हैं. यह बात मेदांता अस्पताल इंदौर के कंसल्टेंट ऑर्थोपेडिक्स डॉ. अनीश गर्ग ने कही. चर्चा करते हुए उनहोंने बताया कि घुटने या कूल्हे के जोड़ों के घिस जाने, ऑस्टियोआर्थराइटिस या रूमेटाइड आर्थराइटिस, पुरानी चोट या फ्रैक्चर, लगातार दर्द, सूजन और चलने में परेशानी व दवाओं व फिजियोथेरेपी से राहत न मिलने पर ज्वाइंट रिप्लेसमेंट की जरूरत होती है. इससे बचाव के लिए वजन संतुलित रखें, नियमित हल्का व्यायाम और योग करें, कैल्शियम व विटामिन-डी युक्त आहार लें और जोड़ों पर अत्यधिक दबाव से बचें. उन्होंने बताया मेदांता अस्पताल ने मात्र तीन माह में 100 ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी सफलतापूर्वक की हैं. इन सर्जरी में कई डिफिकल्ट और हाई-रिस्क केस शामिल थे, जिन्हें आधुनिक तकनीक और अनुभवी टीम की मदद से सफल बनाया गया. ऐसे मामलों में सर्जरी करना चुनौतीपूर्ण होता है, लेकिन हमारी मजबूत टीम और अत्याधुनिक उपकरणों की वजह से बेहतर परिणाम मिले. यह आंकड़ा दर्शाता है कि इंदौर अब ऑर्थोपेडिक इलाज के क्षेत्र में तेजी से एक भरोसेमंद केंद्र बनता जा रहा है.

## उधम सिंह क्रांति सेना का सम्मान समारोह आज

इंदौर. उधम सिंह क्रांति सेना के तत्वावधान में अमर बलिदानी शहीद उधम सिंह जी के 126 वीं जन्म जयंती पर आह्वान उद्यम कार्यक्रम किया जा रहा है। कार्यक्रम के संयोजक उधम सिंह क्रांति सेना के संस्थापक जीतू झालरिया जी ने बताया की उधम सिंह जी के जीवन के संघर्ष और सामाजिक समरसता को समर्पित एक विशाल कार्यक्रम का योजन 26 दिसम्बर को मायमंगेशकर सभागृह में सुबह 11.30 बजे किया जाएगा. यह कार्यक्रम रविदास समाज के लगभग 18 प्रकार के रविदासियाओ को जोड़ने, और राष्ट्रभक्ति, सामाजिक चेतना और सम्मान परंपरा को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है. कार्यक्रम की शुरुआत शहीद उधम सिंह जी के जीवन पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म प्रदर्शन से होगी. इसके पश्चात समाज रत्न सम्मान एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. अशोक कुमार भार्गव शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता दिनेश अग्निहोत्री करेंगे. कार्यक्रम के मुख्य वक्ता रूप सिंह नगर रहेंगे. विशेष अतिथियों में डॉ. विष्णु प्रसाद मालवीय, संतोष सिसोदिया, सहित समाज के अनेक प्रबुद्धजन उपस्थित रहेंगे. इस अवसर पर समाज सेवा, प्रशासन, शिक्षा, खेल, कला एवं अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली विभूतियों को समाज रत्न सम्मान एवं प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया जाएगा. कार्यक्रम में संगठन के पदाधिकारियों द्वारा संगठनात्मक दायित्वों की घोषणा, समाजजन की विचार अभिव्यक्ति तथा मुख्य वक्ताओं के प्रेरक उद्बोधन भी होंगे. उधम सिंह क्रांति सेना के संस्थापक एवं आयोजकों ने शहर के सभी सामाजिक संगठनों, बुद्धिजीवियों, युवाओं एवं आम नागरिकों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है.

# गिरजाघरों में उमड़ा आस्था का सैलाब, एक-दूसरे को दी बधाई

- चर्चों में पवित्र मिस्सा के बाद रात को अराधना हुई, सुबह भी हुए विशेष आयोजन
- सांता क्लॉज ने बांटी खुशियां, गिरजाघर रोशनी से नहाए, शॉपिंग मॉल भी सजे





**इंदौर. इंदौर शहर में क्रिसमस का पर्व पूरे हर्षोल्लास और पारंपरिक श्रद्धा के साथ मनाया गया. गुरुवार सुबह से शहर के अलग-अलग चर्च में ईसाई परिवारों की भीड़ उमड़ पड़ी.**

समाज बंधुओं ने पहले प्रार्थना की और फिर एक-दूसरे को क्रिसमस पर्व की बधाई दी. रेड चर्च में सुबह 7.30 बजे प्रार्थना हुई, जिसमें बताया गया कि क्रिसमस ईश्वर के पुत्र यीशु का जन्म उत्सव है. उन्होंने सभी को प्रेम, आनंद, शांति और आपसी भाईचारे की बात कही. उत्सव का यह सिलसिला 31 दिसंबर की प्रार्थना और 1 जनवरी 2026 को नववर्ष के स्वागत के साथ संपन्न होगा.

शहर के मॉल और बाजारों में भी क्रिसमस पर्व की रौनक रही. बुधवार रात 12 बजे प्रभु यीशु के जन्म के साथ उत्सव शुरू हो गया. शहर के नौ प्रमुख कैथोलिक चर्चों सहित अन्य गिरजाघरों में हजारों श्रद्धालु एकत्र हुए और प्रभु के जन्म की खुशियां मनाई. पर्व को लेकर शहर के चर्चों को आकर्षक विद्युत रोशनी और फूलों से भव्य रूप से सजाया गया. विशेष प्रार्थना सभाएं हुई. इस अवसर पर प्रभु यीशु के जन्म की सुंदर झांकियां और कैरोल गायन के सुर गूंजते रहे. ईसाई समुदाय के लिए यह पर्व सेवा और परोपकार का प्रतीक है. इस दौरान सांता क्लॉज की वेशभूषा में सजे बच्चों ने लोगों का मन मोह लिया. 24 दिसंबर की मध्यरात्रि को ठीक 12 बजे प्रभु यीशु के जन्मोत्सव की मुख्य प्रार्थना सभाएं आयोजित की गई, जिसके बाद केक काटकर एक-दूसरे को बधाई दी गई.

### शहर के इन चर्चों में छाई रौनक...

इंदौर में कैथेड्रल, पुष्पनगर, पिपल्याकुमार, सुखलिया, नंदानगर, नंदबाग और बेटमा सहित लगभग नौ प्रमुख कैथोलिक चर्च हैं. इन सभी स्थानों पर भव्य सजावट की गई थी और क्रिसमस का उल्लास छाया रहा. इसके साथ ही छावनी स्थित मसीही मंदिर में भी विशेष रौनक रही. 25 दिसंबर की सुबह से ही मिस्सा का दौर शुरू हो गया. इसके अलावा शहर के शॉपिंग मॉलों में भी विशेष रूप से सजावट की गई थी. यहां लाल टोपी लगाए बच्चे और युवा खुशियां मनाते दिखे. बच्चों और शांता क्लाज ने ट्रॉफी बांटकर खुशियां बांटीं.

### विशेष प्रार्थना के साथ पवित्र मिस्सा की अर्पित

शहर के विभिन्न गिरजाघरों में बिशप और फादर के मार्गदर्शन में पवित्र मिस्सा अर्पित की गई. प्रार्थना के दौरान शहर और देश में अमन-चेन, बेहतर स्वास्थ्य, तरक्की और नई आशा के लिए दुआएं मांगी गई. बच्चों ने नाटिका के माध्यम से प्रभु यीशु के जीवन से जुड़ी महत्वपूर्ण घटनाओं का प्रदर्शन किया. चर्च की गूंजती घंटियों और प्रार्थनाओं ने वातावरण को आध्यात्मिक बना दिया है. चर्च परिसरों में बनाई गई चरनी और झांकियों को देखने के लिए बड़ी संख्या में युवा और श्रद्धालु पहुंचे.

## बंटी बबली स्टाइल में चोरी करने वाला गिरोह धराया

- 48 घंटे में ज्वेलरी शॉप से चोरी का खुलासा

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** राऊ थाना क्षेत्र में ज्वेलरी शॉप में हुई लाखों की चोरी की वारदात को पुलिस ने महज 48 घंटे में सुलझा लिया. फिल्मी अंदाज में वारदात को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने करीब साढ़े सोलह लाख रुपए कीमत के सोने चांदी, डायमंड और रोज गोल्ड के आभूषण बरामद किए हैं. मामले में तकनीकी साक्ष्य और गश्त के दौरान मिले इनपुट अहम कड़ी साबित हुए.

डीसीपी जोन 1 कृष्णा लालचंदानी ने बताया कि 22 दिसंबर को सिलिकॉन सिटी स्थित श्री ज्वेलर्स के संचालक देवेंद्र सोनी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि दुकान का पिछला दरवाजा तोड़कर अज्ञात बदमाश बड़ी मात्रा में जेवरात चोरी कर ले गए. पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच शुरू की थी, जांच के दौरान सामने आया कि वारदात से दो दिन पहले गश्त के दौरान पुलिस ने शैडो एरिया में खड़े एक संदिग्ध जुपिटर वाहन की तस्वीर ली थी. यही वाहन बाद में सीसीटीवी फुटेज में भी नजर आया, जिससे आरोपियों तक पहुंचने में मदद मिली.

पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी बंटी बबली फिल्म से प्रभावित होकर जल्दी अमीर बनने के इरादे से चोरी की योजना बना रहे थे और उन्होंने लगातार चार दिन तक दुकान की रेकी की थी. पुलिस की सक्रियता का आभास होते ही आरोपी इंदौर छोड़कर भागने लगे, लेकिन साइबर सेल की मदद से राऊ पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों को भोपाल से पकड़ लिया. आरोपियों की निशानदेही पर पलाश परिसर फेज 2 स्थित किराए के कमरे से सोने चांदी, डायमंड व रोज गोल्ड के आभूषणों के साथ वारदात में इस्तेमाल किया एक्टिवा वाहन भी जब्त किया बरामद माल की अनुमानित कीमत 16 लाख 17 हजार रुपए बताई गई है.

## गुरु गोबिंदसिंह महाराज के प्रकाश पर्व पर निकला नगर कीर्तन

### उत्साह के साथ बड़ी संख्या में शामिल हुए समाजजन

**इंदौर. गुरु गोबिंद सिंह महाराज के प्रकाश गुरुपर्व पर श्री गुरु सिंघ सभा इंदौर के तत्वावधान में गुरुवार को सिख समाज बंधुओं द्वारा भव्य नगर कीर्तन निकाला गया. नगर कीर्तन में बड़ी संख्या में समाजजनों ने आस्था के साथ उत्साह से भाग लिया. जगह-जगह नगर कीर्तन का स्वागत किया गया.**



श्री गुरु सिंह सभा इंदौर के अध्यक्ष स.हरपाल सिंह भाटिया व महासचिव स. प्रितपाल सिंह भाटिया ने बताया कि शहर की साध संगत के सहयोग से गुरु गोबिंद सिंह महाराज का प्रकाश गुरुपर्व बड़े उत्साह से मनाया जा रहा है. इसके तहत गुरुवार को शहर में विशाल नगर कीर्तन निकाला गया. इसमें सिख समाज की शैक्षणिक और सामाजिक जत्थेबंदियां शामिल हुईं. टावर चौराहे से शुरू हुआ नगर कीर्तन विभिन्न मार्गों से होते हुए गुरुद्वारा तोपखाना साहिब पर संपन्न हुआ. नगर कीर्तन में बड़ी संख्या में सिख समाजजनों ने उत्साह और श्रद्धाभाव से भाग लिया. नगर कीर्तन में शामिल पुरुष सफेद कुर्ते-पजामे और नीली पगड़ी में तो महिलाएं सफेद ड्रेस और नीले दुपट्टे में नजर आए. नगर कीर्तन मार्ग पर मंचों से जगह-जगह स्वागत किया गया.

### गुरुद्वारों में तीन दिन सजेंगे दीवान

प्रकाश गुरुपर्व का तीन दिवसीय विशाल गुरमति समागम गुरुवार (शाम) एवं शुक्रवार (सुबह) के दीवान गुरुद्वारा तोपखाना साहिब में सजाए जाएंगे. शुक्रवार शाम एवं 27 दिसंबर की सुबह के गुरमत दीवान राज मोहल्ला स्थित श्री गुरु तेग बहादुर स्टेडियम में सजाए जाएंगे. विशाल गुरमति समागम में कीर्तनकार भाई सरबजीत सिंह (पटना साहिब वाले), भाई कमलदीप सिंह (चंबा वाले) एवं गुरमत विचारक ज्ञानी बलविंदर सिंह (हेड ग्रंथी सिंह जी, श्री दरबार साहिब जी, श्री अमृतसर जी) इंदौर पधार रहे हैं. सभा द्वारा सिख समाजजनों से विशेष रूप से आग्रह है कि समस्त गुरु नानक नाम लेवा साध संगत प्रकाश गुरुपर्व से संबंधित सभी कार्यक्रमों में अपनी हाजिरी भरकर गुरु घर की अपार खुशियां प्राप्त करें.

## अटलजी के जन्मोत्सव पर उनके परिजनों ने भी उनसे जुड़ी मधुर यादों को किया साझा



**इंदौर.** भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मोत्सव पर गुरुवार को इंदौर स्थित उनके परिजनों ने, जिनमें भतीजी श्रीमती माला वाजपेयी- नरेन्द्र तिवारी, उनके पुत्र अभिषेक तिवारी एवं अन्य सदस्यों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि समर्पित कर उनकी यादों को शिद्दत से ताजा किया. इसी सप्ताह गत 21 दिसम्बर को उप राष्ट्रपति चंद्रपुरम पोन्नुसामी राधाकृष्णन के मुख्य आतिथ्य में डेली कॉलेज परिसर स्थित धीरुभाई अंबानी सभागृह में भी अटल फाउंडेशन की मेजबानी में शून्य से शतक-एक शताब्दी अटल भारत की कार्यक्रम के दौरान शहर की अनेक विभूतियों को अटल स्मृति अलंकरण से सम्मानित किया गया था.

डेली कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रकवि पं. सत्यनारायण सत्तन, पूर्व सांसद एवं केन्द्रीय मंत्री सत्यनारायण जटिया, भारतीय क्रिकेट टीम बोर्ड की चयन समिति के सदस्य क्रिकेटर संजय जगदाले एवं वन्य जीवों के संरक्षण में जुटे सागर के पारंग शुक्ला को शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह सहित प्रशस्ति पत्र भेंट कर अटल स्मृति अलंकरण से सम्मानित किया गया. इस दौरान राज्यपाल महामहिम मंगूभाई पटेल एवं राज्य के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, पूर्व लोकसभा सध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन, जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट, महापौर पुष्यमित्र भार्गव भी विशेष रूप से मंच पर उपस्थित थे. गुरुवार को अटलजी के 100वें जन्मोत्सव को उनके परिजनों ने माला वाजपेयी - नरेन्द्र तिवारी, अभिषेक तिवारी, संदीप मिश्रा, कपिल मिश्रा, रूचि मिश्रा, पूर्वा तिवारी, भूपेश दलाल, सत्यम शुक्ला, उमाकांत मिश्रा, प्राची मिश्रा, जयेश व्यास, शिवेश तिवारी सहित उनके परिजनों ने अटलजी के चित्र पर पुष्पांजलि समर्पित की और उनसे जुड़ी यादों को भी साझा किया. इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता दीपक जैन टीनू, नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, जिलाध्यक्ष श्रवण सिंह चावड़ा सहित शहर के अनेक भाजपा नेता एवं अन्य जन प्रतिनिधि भी उपस्थित थे.

## दो अलग-अलग हादसों में दो की गई जान

- टायर ब्लास्ट होने से घायल युवक ने तोड़ा दम
- दो मंजिला मकान से गिरे ड्राइवर की मौत
- पुलिस ने दोनों मामलों में शुरू की जांच

नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर में अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुए दो हादसों में दो लोगों की जान चली गई. एक युवक की टायर फटने से घायल होने के बाद इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई, जबकि दूसरे मामले में दो मंजिला मकान से गिरे एक ड्राइवर की जान चली गई. पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है.**

तेजाजी नगर थाना क्षेत्र में छह दिन पहले हुए हादसे में घायल युवक की बुधवार रात उपचार के दौरान मौत हो गई. पुलिस के अनुसार, विजय पैलेस कॉलोनी माणिकबाग निवासी मोहम्मद नाहिद पिता कलीमुद्दीन (21 वर्ष) नायता मुंडला इलाके में आरटीओ ऑफिस के पास एक टायर की दुकान पर काम करता था. 19 दिसंबर को नाहिद एक ट्रक का पंचर सुधारने के बाद उसके टायर में हवा भर रहा था.

इसी दौरान अचानक तेज धमाके के साथ टायर फट गया, जिससे नाहिद गंभीर रूप से घायल हो गया. धमाके की आवाज सुनकर आसपास के दुकानदार मौके पर पहुंचे और खून से लथपथ नाहिद को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया.

हालत गंभीर होने पर उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान बुधवार रात उसकी मौत हो गई. नाहिद के परिवार में पिता और भाई हैं, पिता मिस्त्री का काम करते हैं.

### निर्माणाधीन मकान में दोस्त से मिलने गया था ड्राइवर

इधर, कनाड़िया थाना क्षेत्र में भी बुधवार रात एक दर्दनाक हादसा सामने आया. पुलिस के अनुसार झलारिया ग्राम निवासी संतोष सोनी पिता (38 वर्ष) जो पेशे से ड्राइवर था, अपने घर से कुछ दूरी पर स्थित एक निर्माणाधीन दो मंजिला मकान में अपने चौकीदार दोस्त से मिलने गया था. रात करीब 10 बजे संतोष दूसरी मंजिल के डक से नीचे गिर गया. हादसे के बाद चौकीदार ने उसके परिजनों को सूचना दी.

सूचना पर मौके पर पहुंचे बेटा समीर और अन्य परिजन उसे इलाज के लिए एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां देर रात उसकी मौत हो गई. दोनों ही मामलों में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है.



## नीलगायों के उत्पात से राहत दिलाने वन विभाग आया हरकत में

- जिले की सभी तहसीलों में विभाग चलाएगा रेस्क्यू ऑपरेशन
- अभियान के लिए विभाग बना रहा 50 से ज्यादा कर्मचारियों की टीम

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** किसानों की फसलों को लगातार नुकसान पहुंचा रही नीलगायों पर अब वन विभाग हरकत में आ गया है और सख्ती से कार्रवाई करने जा रहा है. विभाग द्वारा जिले में नीलगायों को पकड़ने के लिए विशेष रेस्क्यू ऑपरेशन अभियान चलाया जाएगा. इसके लिए 50 से अधिक कर्मचारियों की टीम बनाई जा रही हं.

डीएफओ प्रदीप मिश्रा ने बताया कि जिले में नीलगायों द्वारा फसलों को पहुंचाई जा रहे नुकसान को लेकर लगातार शिकायतें सामने आ रही हैं. किसानों और जनप्रतिनिधियों की ओर से मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए वन विभाग ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू करने का निर्णय लिया है. वन विभाग द्वारा इस अभियान के लिए 50 से अधिक कर्मचारियों की विशेष टीम बनाई जाएगी, जो जिले की अलग-अलग तहसीलों में रेस्क्यू ऑपरेशन चलाएगी. अभियान के तहत पहले उन इलाकों की पहचान की जाएगी, जहां नीलगायों का ज्यादा उत्पात है. रेस्क्यू ऑपरेशन से पहले संबंधित तहसीलों के गांवों में ऐसे हॉट स्पॉट चिन्हित किए जाएंगे, जहां नीलगायों की संख्या अधिक है और फसलों को लगातार नुकसान पहुंच रहा है.

इन हॉट स्पॉट को चिन्हित करने के बाद चरणबद्ध तरीके से कार्रवाई की जाएगी. फिलहाल नीलगायों से फसलों को नुकसान पहुंचाने की सबसे ज्यादा शिकायतें देपालपुर क्षेत्र से सामने आ रही हैं. डीएफओ का कहना है कि अभियान का उद्देश्य किसानों को राहत दिलाना और फसलों को होने वाले नुकसान पर नियंत्रण करना है. उन्होंने संकेत दिए हैं कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा और स्थिति के अनुसार अन्य प्रभावित क्षेत्रों में भी रेस्क्यू ऑपरेशन तेज किया जाएगा.

एक नजर में | अटल जी के विचारों पर आधारित सुशासन सम्मेलन का आयोजन

## रीति, नीति, परमार्थ का मिश्रण हैं अटल जी : सत्तन

**इंदौर. पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न, राष्ट्रकवि अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी के अवसर पर सुशासन दिवस के रूप में आज राष्ट्रकवि सत्यनारायण सत्तन, महापौर पुष्यमित्र भार्गव की उपस्थिति में नगर अटल परिषद सभागृह में सुशासन सम्मेलन का आयोजन किया गया. इस दौरान अटल जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई.**



राष्ट्रकवि सत्यनारायण सत्तन ने कहा कि महापौर के प्रयास से इंदौर शहर के इस शानदार सभागृह का नामकरण भी अटल सदन रखा गया है यह एक अनुकरणीय कार्य है. यह शताब्दी अटल जी को समर्पित हुए हम सब उनके विचारों का अनुसरण करें. परमार्थ, रीति, नीति, दया, सोच और अन्य संपूर्ण गुणों के पदार्थ से जो मिश्रण निकलता है वह अटल बिहारी वाजपेयी है. अटल जी राष्ट्र की चेतना का स्वार्थ जिन्होंने देश और विदेश में हमारा सम्मान बढ़ाया और नई पीढ़ी के लिए मार्ग दिखाया. इस अवसर पर वरिष्ठ नारायण केसरी, बाबू सिंह रघुवंशी, मध्य प्रदेश कर्मचारी आयोग अध्यक्ष प्रताप करोसिया, सभापति मुन्ना लाल यादव, भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, रघुवीर पटेल, समस्त महापौर परिषद सदस्य सचेतक कमल वाघेला पार्षदगण एवं अन्य उपस्थित थे. संचालन सचेतक कमल वाघेला ने किया. आभार स्वास्थ्य प्रभारी अश्विनी शुक्ल ने माना.

### उनके विचारों से मिलती हैं प्रेरणा

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि अटल जी के विचार ही सर्वमान्य है, उनके विचारों से हमें प्रेरणा मिलती है. विश्व पटल पर हिंदी का मान बढ़ाया है और बेहतर शासन करके सुशासन का उदाहरण दिया है, उनके विचार पर हम सभी कार्य करें यही सुशासन हैं. इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्व. अटल बिहारी वाजपेई के आदर्शों, विचारों एवं उनके द्वारा स्थापित सुशासन की अवधारणा को स्मरण करते हुए जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों को प्रेरित करना है. अटल जी ने अपने सार्वजनिक जीवन में राष्ट्रहित, लोकतांत्रिक मूल्यों, सुशासन एवं विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी, जो आज भी देश के लिए मार्गदर्शक हैं।